## खास-खबरें

### नगर पालिका परिषद नरसिंहपुर में जनकल्याण शिविर सम्पन्न




**नरसिहंपुर।** राज्य शासन शासन के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद नरसिंहपुर प्रांगण में जनकल्याण शिविर का आयोजन जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में शुक्रवार को आयोजित हुआ। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री नीरज दुबे, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री अजीत जाट, पार्षद, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और नागरिक मौजूद थे। नगर पालिका अध्यक्ष श्री नीरज दुबे ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की महत्वाकांछी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही को मिले, इसके लिए यह शिविर लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे हितग्राही जो शासन की योजनाओं से वंचित रह गए हैं वे शिविर में अपना आवेदन दे सकते हैं। शिविर में केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि शिविर में प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में त्वरित निराकरण किया जाएगा। इस अवसर पर नागरिकों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

### तीन दिवस सीमैट प्रशिक्षण सम्पन्न

**नरसिहंपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में और सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश के मार्गदर्शन में जिले के सभी हायर सेकेंडरी विद्यालयों में पदस्थ भौतिक, रसायन एवं जीवन विज्ञान विषय के शिक्षकों के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेहरू नरसिंहपुर में तीन दिवस 11 से 13 जून 2026 तक सीमैट प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल कुशवाहा ने उक्त प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालयों में प्रायोगिक प्रयोगशालाओं के प्रभावी संचालन और विद्यार्थियों को नियमित प्रयोग अभ्यास कराने के लिए शिक्षकों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विज्ञान विषय को प्रभावी एवं रुचिकर बनाने के लिए केवल सैद्धांतिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को प्रयोगों के माध्यम से सीखने के अवसर उपलब्ध कराना आवश्यक है।

### जिला स्तरीय गौशाला संचालक सम्मेलन और साईलेज गौरस एप कार्यशाला 17 को

**नरसिहंपुर।** उप संचालक पशु पालन विभाग डॉ. सुनील कुमार बृजपुरिया ने कि गौशाला संचालक सम्मेलन और साईलेज गौरस एप पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला 17 जून को विकासखंड करेली के कामधेनु गौशाला मोहद में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यशाला का शुभारंभ व पंजीयन सुबह 09 बजे से किया जाएगा। इसके बाद विभिन्न सत्रों का आयोजन होगा। प्रातः 09:30 से 10:30 बजे तक व्हीएएस डॉ. पूनम दोहरे द्वारा गौशाला संचालकों को रिफ्रेशर व सुबह 10:30 बजे से पशु चिकित्सक करेली डॉ. श्रेया दुबे के द्वारा साईलेज एवं गौरस एप के संबंध में तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### राजस्व अधिकारियों को दिया गया तकनीकी प्रशिक्षण

**शहडोल।** शहडोल संभाग अंतर्गत तीनों जिलों के समस्त राजस्व अधिकारी तहसीलदार , नायब तहसीलदार को संभागायुक्त कार्यालय से संभागीय सलाहकार आर सी एम एस श्री उपेंद्र त्रिपाठी के द्वारा तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में राजस्व विभाग ने नामांतरण की प्रक्रिया को रजिस्ट्री से सीधे जोड़ दिया है मतलब रजिस्ट्री करवाते ही प्रकरण सीधे संबंधित राजस्व न्यायालय के आर सी एम एस पोर्टल में आता है पहले ये प्रक्रिया पूरे रकबे की रजिस्ट्री में प्रारंभ हुई थी इस लिये इस साइबर तहसील 1.0 कहा गया उसके बाद आर सी एम एस में विभाग द्वारा बंटवारे की रजिस्ट्री का नामांतरण भी साइबर तहसील में जोड़ा गया जिसको साइबर तहसील 2.0 कहा गया, उसके अंतर्गत आपत्ति, क्षेत्रीय तहसीलदार द्वारा आदेश इत्यादि के बारे में बताया गया । प्रशिक्षण में लोकसेवा से प्राप्त प्रकरणों ,वरिष्ठ न्यायालय में चल रहे प्रकरणों में दस्तावेज उपलब्ध कराने, अभिलेखागार व्यवस्थित रखने के साथ साथ नकल के आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करने के बारे में भी बताया गया।

### विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**रीवा।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार श्रवण एवं वाक् बाधित व्यक्तियों के विधिक अधिकारों, उपलब्ध कल्याणकारी योजनाओं तथा विधिक सेवाओं के संबंध में जागरूकता प्रदान करने के उद्देश्य से विधिक साक्षरता एवं जनजागरूकता अभियान 'अनुगूंज' का ई-आयोजन किया गया। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश उच्च न्यायालय एवं संरक्षक प्रमुख मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एडीआर भवन, रीवा में आयोजित कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राकेश मोहन प्रधान तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समीर कुमार मिश्रा की उपस्थिति रही। जिसमें श्रवण एवं वाक् बधिक व्यक्तियों के अधिकारों, न्याय तक उनकी समान पहुंच तथा शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विशेषज्ञों द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में उपस्थित श्रवण एवं वाक् बाधित एवं उनके परिजनों को निःशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत, मध्यस्थता, शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं तथा उनके संवैधानिक एवं विधिक अधिकारों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई साथ ही इन्टरकेक्शन सेशन में उनकी समस्याओं को सुनकर उनके निराकरण हेतु आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया।

#### मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन अब 22 जुलाई को

# शुद्ध मतदाता सूची तैयार करने में राजनैतिक दल करें सहयोग : उप जिला निर्वाचन अधिकारी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, शहडोल :** स्थानीय निर्वाचन मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सरोधन सिंह ने आगामी निर्वाचन के मद्देनजर एक अत्यंत शुद्ध, पारदर्शी और त्रुटिहीन मतदाता सूची तैयार किए जाने पर विशेष बल दिया।




उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदाता सूची का शुद्ध होना सबसे पहली और महत्वपूर्ण सीढ़ी है, जिसके लिए प्रशासनिक अमला पूरी निष्ठा के साथ जमीनी स्तर पर कार्य कर रहा है। बैठक में मतदाता सूची पुनरीक्षण के विभिन्न तकनीकी और व्यावहारिक बिंदुओं पर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित विभिन्न राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों से निर्वाचन प्रक्रिया को और अधिक मजबूत बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी दल अपने-अपने स्तर पर प्रत्येक मतदान केंद्र पर अनिवार्य रूप से बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति करें। बीएलए की सक्रियता से न केवल सरकारी तंत्र को संपादन में मदद मिलेगी, बल्कि अपात्र, मृत या स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने और नए व पात्र युवाओं के नाम जोड़ने में पूरी पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सकेगी।

बैठक में बताया गया कि केंद्रों पर प्राधिकृत अधिकारियों द्वारा दावे एवं आपत्तियां 15 जून तक प्राप्त की जाएंगी। प्राप्त दावे-आपत्तियों का निराकरण 25 जून तक किया जाएगा, जबकि निराकृत दावा-आपत्ति आवेदन पत्रों की ईआरएमएस में प्रविष्टि 30 जून तक की जाएगी। चेकलिस्ट तैयार करने की अवधि 3 जुलाई तक निर्धारित है। त्रुटि सुधार के उपरांत सूची को वेंडर को वापस करने की अवधि 6 जुलाई, फोटोयुक्त एवं फोटोरहित अंतिम मतदाता सूची जनरेट करने की अवधि 9 जुलाई तथा फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची को वेबसाइट पर अपलोड करने की अवधि 10 जुलाई निर्धारित की गई है। इसी प्रकार फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची को मुद्रित कर रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को उपलब्ध कराने की अवधि 16 जुलाई, नगर पालिका वार्डों, ग्राम पंचायतों एवं अन्य विहित स्थानों पर अंतिम मतदाता सूची के सार्वजनिक प्रकाशन की अवधि 18 जुलाई तथा अंतिम फोटोयुक्त सूची की पीडीएफ, डीवीडी एवं सीडी की तीन प्रतियां ज्वेल केस में वेंडर से प्राप्त करने की अवधि 20 जुलाई तय की गई है। मास्टर ट्रेनर ने बताया कि अंतिम मतदाता सूची की फोटोरहित डीवीडी एवं सीडी विक्रय हेतु उपलब्ध कराने की अवधि 21 जुलाई तथा फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची के सार्वजनिक प्रकाशन का प्रमाण-पत्र स्कैन करने, नगरीय निकायों में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को सूची उपलब्ध कराने एवं स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित करने की अवधि 22 जुलाई निर्धारित की गई है। बैठक में निर्वाचन सुपरवाइजर श्री संजय खरे सहित विभिन्न मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि श्री विष्णुप्रताप सिंह, अरफाना बेगम सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## मलेरिया जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

#### 25 जून तक जिले के संवेदनशील ग्रामों में चलाया जाएगा विशेष जनजागरूकता अभियान



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सिंगरौली :** जिले को वर्ष 2030 तक मलेरिया मुक्त बनाने के लक्ष्य को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा मलेरिया निरोधक माह जून के अंतर्गत व्यापक जनजागरूकता अभियान प्रारंभ किया गया है। इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुष्पराज सिंह ठाकुर ने मलेरिया, डेंगू एवं अन्य वाहक जनित रोगों के प्रति आमजन को जागरूक करने हेतु मलेरिया जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ठाकुर ने कहा कि आगामी वर्षाकाल को दृष्टिगत रखते हुए मलेरिया के संक्रमण को रोकना स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिकता है। मलेरिया जागरूकता रथ के माध्यम से ग्राम स्तर पर लोगों को रोग के कारणों, लक्षणों, उपचार एवं बचाव के उपायों की जानकारी दी जाएगी, जिससे वे समय रहते सावधानी बरत सकें और जिले को मलेरिया मुक्त बनाने के अभियान में सहभागी बन सकें। जिला मलेरिया अधिकारी नागेन्द्र सिंह ने बताया कि मलेरिया जागरूकता रथ 25 जून 2026 तक जिले के मलेरिया प्रभावित एवं संवेदनशील ग्रामों, हाट-बाजारों तथा मेलों में भ्रमण करेगा। अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ग्रामीणों को मलेरिया एवं डेंगू से बचाव के उपायों की जानकारी देगी तथा घर-घर पहुंचकर जनजागरूकता गतिविधियां संचालित करेगी। अभियान के अंतर्गत नागरिकों को घर एवं आसपास जलभराव नहीं होने देने, अनुपयोगी बर्तनों, टायरों, मटकों एवं बोतलों को उल्टा रखकर साफ-सफाई बनाए रखने, नियमित रूप से मच्छरदानी का उपयोग करने तथा मच्छर भगाने वाले उत्पादों का प्रयोग करने की सलाह दी जाएगी। साथ ही लोगों को यह भी बताया जाएगा कि बुखार आने पर 24 घंटे के भीतर आशा कार्यकर्ता अथवा निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में रक्त जांच अवश्य कराएं, क्योंकि समय पर जांच एवं उपचार से मलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से बचाव संभव है।

## कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर साइकिल रैली को किया रवाना

**नईदुनिया प्रतिनिधि, नरसिंहपुर :** विश्व साइकिलिंग दिवस के अवसर पर साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के दो दिवसीय साइकिल महोत्सव के प्रथम दिवस में कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर स्टेडियम ग्राउंड नरसिंहपुर से रवाना किया। उन्होंने इस अवसर पर कश्मीर से कन्याकुमारी तक यात्रा करने वाले रेडक्रास सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. अनंत दुबे, देवेंद्र दुबे सहित अन्य साथियों का सम्मान किया। यह साइकिल रैली स्टेडियम ग्राउंड से प्रारंभ होकर गांधी चौक, नगर पालिका चौराहा, सुभाष पार्क, बाहरी रोड, पुलिस लाइन, मुख्य मार्ग, जनपद मैदान होते हुए वापस स्टेडियम पहुंची। साइकिल रैली में बच्चों, युवाओं सहित नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश, श्री पी.एस. राजपूत, श्री सुनील कोठारी, श्री पारितोष दुबे, श्री संतोष सिंह राजपूत, श्रीमती निशा सोनी, श्री एस.के. चतुर्वेदी, श्री देवेंद्र दुबे, श्री मृदुलेश दुबे, श्री सुभाष नेमा, श्री मनीष कटारे, श्री ब्रजेश नेमा, श्री पंकज नेमा, डॉ. अंजीता वर्मा, श्री प्रमोद चौरसिया, श्री अनुराग मिश्रा सहित खेल एवं व्यायाम शिक्षक मौजूद थे। यह आयोजन जिला साइकिलिंग संघ द्वारा वॉलीबाल संघ, जिला क्रिकेट संघ, जिला खो- खो संघ, हॉकी नरसिंहपुर, यूनिटी क्लब एवं सहकार संस्था के सहयोग से किया गया।

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने कहा कि वर्तमान युग में शारीरिक श्रम कम हुआ है। बच्चों और युवाओं को नियमित व्यायाम, योग, तैराकी, दौड़, साइकिलिंग और अन्य गतिविधियों को अपने जीवन का हिस्सा बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि अच्छी स्वास्थ्य आदतें जीवनभर लाभ देती हैं। उन्होंने इस आयोजन के लिए जिला साइकिलिंग संघ को बधाई दी। मप्र साइकिलिंग एसोसिएशन के सचिव बी.एस. राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री के फिट इंडिया, हिट इंडिया और स्वस्थ भारत-समृद्ध भारत के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए विश्व साइकिलिंग दिवस पर जिले में अस्मिता लीग का आयोजन किया जा रहा है।

### एसडीएम बाँधवगढ़ ने उमरार डेम का किया निरीक्षण मछुआरों को वितरित की लाइफ जैकेट

**उमरिया।** एसडीएम बाँधवगढ़ अम्बिकेश प्रताप सिंह ने उमरार डेम का निरीक्षण कर वहां संचालित मत्स्य समिति के मछुआरों से मुलाकात की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मछुआरों से शासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, योजनाओं एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा उनकी समस्याएं भी सुनीं। एसडीएम ने मछुआरों को जलाशय में कार्य करते समय सुरक्षा के प्रति विशेष रूप से जागरूक रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि वर्षाकाल एवं गहरे जल क्षेत्रों में कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचाव के लिए सुरक्षा उपकरणों का उपयोग अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर उन्होंने मछुआरों को लाइफ जैकेट वितरित करते हुए निर्देश दिए कि वे नाव संचालन एवं मछली पकड़ने के दौरान अनिवार्य रूप से लाइफ जैकेट पहनें।

## बी-पैक्स सोनवर्षा एवं बघौड़ी का शुभारंभ, किसानों को गांव में ही मिलेंगी सहकारी सुविधाएं : विधायक

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीधी :** विधानसभा क्षेत्र सिहावल अंतर्गत बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति (बी-पैक्स) सोनवर्षा एवं बघौड़ी के नवीन समिति कार्यालयों का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने विधिवत पूजन-अर्चन, मंत्रोच्चार एवं फीता काटकर समिति कार्यालयों का शुभारंभ किया।



इस अवसर पर विधायक विश्वामित्र पाठक ने कहा कि कृषि प्रदेश और देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है तथा किसानों की समृद्धि के बिना ग्रामीण विकास की कल्पना अधूरी है। उन्होंने कहा कि सहकारिता के माध्यम से किसानों को संगठित कर उन्हें आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। बी-पैक्स व्यवस्था किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। विधायक पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में किसानों की आय बढ़ाने, खेती को लाभकारी बनाने तथा कृषि लागत कम करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

बी-पैक्स के माध्यम से किसानों को खाद, बीज, ऋण, मृदा परीक्षण, कृषि सलाह एवं अन्य सहकारी सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी, जिससे उन्हें अनावश्यक भागदौड़ से राहत मिलेगी और समय तथा संसाधनों की बचत होगी। उन्होंने कहा कि सहकारिता का मूल मंत्र 'सबका साथ, सबका विकास' है और इसी भावना के साथ स्थापित बी-पैक्स सोनवर्षा एवं बघौड़ी क्षेत्र के किसानों के लिए वरदान साबित होंगे। इससे कृषि उत्पादन बढ़ाने, आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देने तथा किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने किसानों से समितियों का अधिकतम लाभ लेने तथा सहकारिता आंदोलन को मजबूत बनाने का आह्वान किया।

## श्रम विभाग एवं अहिंसा वेलफेयर सोसायटी ने चलाया जागरूकता अभियान

**नईदुनिया प्रतिनिधि, रीवा :** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर बाल अधिकारों की सुरक्षा एवं संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत अहिंसा वेलफेयर सोसायटी रीवा द्वारा श्रम विभाग एवं जिला प्रशासन के सहयोग से बाल श्रम उन्मूलन एवं जनजागरूकता अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान बच्चों को बाल मजदूरी से होने वाले दुष्प्रभावों तथा शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। यह कार्रवाई राज्य शासन द्वारा जून माह को बाल श्रम उन्मूलन के रूप में मनाए जाने संबंधी जारी अधिसूचनाओं एवं निर्देशों के अनुरूप की गई। निर्देशों के तहत बाल श्रम प्रभावित क्षेत्रों में संयुक्त निरीक्षण, बच्चों की पहचान, बचाव एवं पुनर्वास के लिए विभिन्न विभागों एवं एजेंसियों को समन्वित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

अहिंसा वेलफेयर सोसायटी द्वारा जिले में व्यापक जनजागरूकता अभियान भी चलाया गया, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कानून प्रवर्तन एजेंसियों, सामुदायिक नेताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने सक्रिय सहभागिता की। संस्था बाल अधिकारों की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए कार्यरत राष्ट्रीय नेटवर्क 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन की सहयोगी संस्था है। अभियान के दौरान चिन्हित एवं मुक्त कराए गए बच्चों की आयु 10 से 15 वर्ष के बीच पाई गई। बच्चे विभिन्न वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में कई महीनों से कार्यरत थे तथा उनसे अमानवीय एवं शोषणकारी परिस्थितियों में काम कराया जा रहा था। साथ ही, पीड़ित बच्चों को पुनर्वास, मुआवजा, शिक्षा एवं अन्य वैधानिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की प्रक्रिया भी जारी है। जून माह के दौरान नागरिक समाज संगठन, श्रम विभाग एवं जिला प्रशासन के साथ मिलकर बाल तस्करी एवं बाल श्रम के नेटवर्क पर विशेष निगरानी तथा ऐसे मामलों की रोकथाम के लिए समन्वित प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर अहिंसा वेलफेयर सोसायटी के निदेशक सुमित सिंह ने कहा कि शोषण और बाल मजदूरी से मुक्त कराए गए प्रत्येक बच्चे के शिक्षा, सुरक्षा एवं गरिमा के अधिकार की पुनर्स्थापना हुई है। बाल श्रम बच्चों से उनका बचपन, शिक्षा और बेहतर भविष्य छीन लेता है।

### ग्राम खोखरा पहुंचे सांसद डॉ. मिश्रा विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**सीधी।** सीधी संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने धौहनी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खोखरा का भ्रमण कर ग्रामीणों से आत्मीय संवाद किया तथा क्षेत्र की विकास संबंधी आवश्यकताओं और जनसमस्याओं की जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के दौरान सांसद ने ग्राम में संचालित विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम जनमन योजना सहित अन्य निर्माण कार्यों एवं शासकीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। साथ ही योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं पात्र हितग्राहियों तक लाभ पहुंचाने के संबंध में चर्चा की। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विकास, आवास, सड़क, पेयजल, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं।

## बाढ़ आपदा से निपटने की तैयारी, आर्मी टीम ने किया संभावित प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण

**नईदुनिया प्रतिनिधि, उमरिया :** कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय के निर्देशानुसार एवं राहत शाखा प्रभारी संयुक्त कलेक्टर के मार्गदर्शन में वन सिग्नल ट्रेनिंग सेंटर जबलपुर की आर्मी टीम द्वारा जिले के संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का रैकी निरीक्षण किया गया।



निरीक्षण का उद्देश्य वर्षा ऋतु में संभावित बाढ़ आपदा की स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्यों की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करना था। निरीक्षण के दौरान आर्मी टीम एवं तहसीलदार मानपुर ने उन स्थानों का चयन किया, जहां आपातकालीन परिस्थितियों में सेना अपनी अस्थायी राहत एवं बचाव चौकियां स्थापित कर सकेगी।

मानपुर क्षेत्र में चतुर्भुज घाट एवं बलहौड़ तथा इंदवार क्षेत्र में इंदवार एवं भोगगढ़ घाट सहित कुल चार महत्वपूर्ण स्थानों को चिन्हित किया गया। इन स्थानों से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों तक त्वरित पहुंच सुनिश्चित कर राहत एवं बचाव कार्य संचालित किए जाएंगे। निरीक्षण के दौरान आर्मी टीम के अधिकारियों के साथ तहसीलदार मानपुर, नायब तहसीलदार मानपुर एवं प्लाटून कमांडर राहुल कुमार साहू उपस्थित रहे। प्रशासन एवं सेना के इस संयुक्त प्रयास से जिले में आपदा प्रबंधन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने में मदद मिलेगी तथा आवश्यकता पड़ने पर प्रभावित लोगों को शीघ्र सहायता उपलब्ध कराई जा सकेगी।

**स्पेशल खबर** जिले में कलेक्टर और विधायक गोटेगांव व तेंदूखेड़ा की मौजूदगी में आयोजित हुए जनकल्याण शिविर

# पाँच हजार 253 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण

**नईदुनिया प्रतिनिधि, नरसिंहपुर :** जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आयोजित जन कल्याण शिविरों में दूसरे दिन भी आमजन की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। ग्रामीण क्षेत्रों में जनपद पंचायत नरसिंहपुर, गोटेगांव एवं चावरपाठा तथा शहरी क्षेत्रों में नरसिंहपुर, गोटेगांव और गाडरवारा नगरपालिकाओं में शिविर आयोजित किए गए।




जनपद पंचायत गोटेगांव में विधायक श्री महेन्द्र नागेश जनकल्याण शिविर में शामिल हुए। उन्होंने नागरिकों से संवाद करते हुए शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। शिविरों के माध्यम से मौके पर ही हितग्राहियों को हितलाभ वितरित भी किए गए। जनपद पंचायत चांवरपाठा में विधायक श्री विश्वनाथ? सिंह पटेल ने शासन की योजनाओं के बारे में नागरिकों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए जनकल्याण शिविर का लाभ उठाएं। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 12 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने पर सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताया। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने नगर पालिका परिषद नरसिंहपुर में लगाए गए जनकल्याण शिविर में शामिल हुई। उन्होंने जनकल्याण शिविर में विभागीय अधिकारियों को शासन की योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी देने के निर्देश दिए। जनकल्याण शिविर में प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समय सीमा में निराकरण करने को कहा। शिविरों में कृषि, सहकारिता, मत्स्य, सामाजिक न्याय, उद्यानिकी एवं पशु चिकित्सा विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कृषि विभाग द्वारा प्राकृतिक एवं जैविक खेती, 'ड्रॉप मोर क्रॉप', रिज सॉइंग, सीड रिप्लेसमेंट तथा पराली प्रबंधन जैसे विषयों पर किसानों को जागरूक किया गया।

वहीं पशुपालन विभाग ने पशुओं की बीमारियों से बचाव, दुधारू पशुओं के संतुलित आहार तथा आचार्य विद्यासागर गौ संवर्धन योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी प्रदान की। सामाजिक न्याय विभाग द्वारा दिव्यांगजनों के लिए संचालित कल्याणकारी योजनाओं एवं पेंशन योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके साथ ही सभी विभागों द्वारा अपनी-अपनी योजनाओं की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिससे आमजन को योजनाओं की जानकारी सहज रूप से प्राप्त हो सकी। जिले में आयोजित सभी 6 शिविरों में कुल 5 हजार 635 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 5 हजार 253 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि 382 आवेदन लंबित हैं। सर्वाधिक 3 हजार 263 आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित प्राप्त हुए, जिनमें से 3 हजार 244 का निराकरण किया जा चुका है। राजस्व विभाग के 611 में से 539 तथा सामाजिक न्याय विभाग के 565 में से 510 आवेदनों का निराकरण किया गया। इसके अतिरिक्त श्रम विभाग के 350 एवं नगरीय आवास विकास विभाग के 201 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर विधायक, जनपद अध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।